तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि-
# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 8 दिसंबर 2024

14 पैरा में छिपाकर रखे 28 नग सागौन चिरान...



14 लूट के 5 आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, लुटेरों का...





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### छग हैंडबॉल टीम में चार छात्राएं शामिल



**कांकेर।** स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता लुधियाना पंजाब में 11 से 17 दिसंबर तक आयोजित होगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगितामें छत्तीसगढ़ की टीम भाग ले रही है, जिसमें कन्या क्रीड़ा परिसर की चार छात्राएं छत्तीसगढ़ की टीम में सम्मिलित होकर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करने कन्या कीड़ा परिसर कांकेर की चार छात्राएं 7 दिसंबर को रवाना हुई। हैंडबॉल की कोच नमिता साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की टीम सर्वश्रेष्ठ पदर्शन कर विजय होगी।

### पढ़ाई के साथ खेलकूद जीवन में है भी जरूरी



**दुर्गुकोंदल।** संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर ग्राम पेड़ावारी में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक सावित्री मनोज मण्डावी ने कहा कि ग्रामीण अंचल में संकुल स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों के शारीरिक मानसिक बौद्धिक नैतिक शिक्षा का विकास होगा। खेल से स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का विचार उत्पन्न होता है। शिक्षा के साथ खेलकूद अति आवश्यक है। अतिथियों ने विजयी टीम को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक व ग्राम के लोग उपस्थित रहे।

### भाई ने किया सगे भाई पर टंगिया से हमला

**भानुप्रतापपुर।** भानबेड़ा में आज दो सगे भाइयों के बीच आपसी घरेलू विवाद में छोटे भाई मुन्ना उईके पिता



भगत राम उईके ने अपने बड़े भाई राजेंद्र के ऊपर टंगिया से जान लेवा हमला कर घायल कर दिया, जिसे भानबेड़ा समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। नाजुक स्थिति को देखते हुए, जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर रायपुर रिफर कर दिया।

### शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर धूमधाम से दी विदाई



**सरोना।** विकासखण्ड नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम धौराभाठा प्राथमिक शाला के शिक्षक हरिचंद मर्सकोले को सेवानिवृत्त होने पर धूमधाम से विदाई दी गई, वहीं वत्साला नेताम को पदोन्नति के बाद प्रधान पाठक के पद पर नियुक्ति के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवानिवृत शिक्षक को उनके सेवाकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच महेश नेताम, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक मनोहर लाल ठाकुर, रामलाल कावड़े, महाबती मर्सकोले, कमल देव मरकाम, राजकुमार नेताम, विश्वनाथ शोरी, शिवप्रसाद जुरी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं और ग्रामवासी उपस्थित रहें।

---


**विडंबना : निर्धारित समय पर स्टेडियम नहीं बन पाने के कारण खिलाड़ी मायूस**


# कांग्रेस के पांच साल में नहीं बन पाया मिनी स्टेडियम, अब बन गया शराबियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- लापरवाह अधिकारियों के कारण समय पर नहीं बन पाया स्टेडियम, नहीं हुई कार्रवाई

शहर के मध्य में नवनिर्मित मिनी स्टेडियम के एक हिस्सा बनकर तैयार हो गया है, वहीं दूसरे हिस्से में लंबे समय से काम रूका हुआ है। कांग्रेस सरकार का पाँच साल भी निकल गए और सरकार भी उतर गई, परंतु स्टेडियम आज भी अधूरा है। लावारिस मिनी स्टेडियम अब शराबियों के लिए अड्डा बन गया है। शराब पीने वाले बोतल व अन्य सामग्रियों को सीढ़ी पर ही छोड़कर चले जाते है। मैदान में कई जगह शराब की बोतलें व डिस्पोजल थोक में पड़े हुए है। हरिभूमि टीम 7 दिसंबर की सुबह लगभग 8 बजे नवनिर्मित मिनी स्टेडियम पहुँची। मिनी स्टेडियम की सीढ़ियों पर बोतले सजी हुई थी और उन्हें देख लग रहा था कि शराबियों की महफिल बीती रात को सजी हुई होगी। सीढ़ियों के आसपास ऐसा लग रहा था कि यह ओपन बार है और यहाँ पर प्रतिदिन महफिलें सजती रहती है। यह स्थल शहर के बीचों बीच है, सामने नया बस स्टैंड, कलेक्टोरेट, एसपी आफिस, जिला पंचायत आफिस है और 300 मीटर की दूरी पर थाना है, वहीं एक तरफ गर्ल्स हायर सेकेंड्री स्कूल है और छात्रावास भी है। सीढ़ियों के पास खाली पड़ी हुई दारू की बोतलें और डिस्पोजल प्रमाण है कि यहाँ पर शराबियों की महफिल सजती रहती है। मिनी स्टेडियम की स्टील की रेलिंग को आधा अधूरा लोगों ने तोड़ दिया और मानीटरिंग नहीं किया गया तो यहाँ पर लगे लोहे की जाली और स्टोल को तोड़कर कबाड़ियों के पास बेंचकर मिलने वाले पैसे से शराबी केवल शराब पीने का ही काम करेंगे। इसी तरह से शहर में अन्नपूर्णापारा में स्थित मंडी कार्यालय के अंदर भी अंधेरा होते ही शराबियों की महफिल सजने लगती है, ऐसे कई शासकीय स्थल है, जहाँ पर जिम्मेदार प्रतिदिन महफिल को सजाते है। इन जिम्मेदारों पर कार्यवाही के लिए कोई साहस नहीं दिखाएगा।







### निर्माण कार्य अधूरा, जिम्मेदार कौन

शहर के मध्य बनने वाले मिनी स्टेडियम व इंडोर स्टेडियम को लेकर शहरवासियों में उत्साह था, परंतु पाँच साल बाद भी निर्माण नहीं होने से खिलाड़ी व शहरवासी मायूस है। शहर के मध्य होने के बाद भी यह कोई तय नहीं कर पा रहा है कि निर्माण को लेकर जो लापरवाही बरती है, उसमें कौन जिम्मेदार है। निर्माण एजेंसी और संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारी जो जिम्मेदार थे, उन पर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। लापरवाह अधिकारियों के कारण ही ऐसी परिस्थितियाएं बन रही है। मिनी स्टेडियम के आसपास के लोगों ने बताया कि शहर के मध्य मिनी स्टेडियम बन जाने से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलता, परंतु पाँच साल बाद भी मिनी स्टेडियम अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे यह मिनी स्टेडियम अब केवल शराबियों व गजेंड़ियों का अड्डा बन गया है।

### कांग्रेस के जिम्मेदारों ने नहीं दिखाई गंभीरता

कांग्रेस के कार्यकाल में जिम्मेदार मिनी व इंडोर स्टेडियम के बनने को लेकर न तो कभी निरीक्षण किया और न ही कभी गंभीरता दिखाई, उसी का परिणाम रहा कि आज तक यह स्टेडियम तैयार नहीं हो पाया। जिम्मेदार जब अजिम्मेदार हो जाते है तो करोड़ो रूपएं खर्च होने के बाद भी परिणाम सकारात्मक नहीं आता है और करोड़ो की राशि का वारा न्यारा हो जाता है।

### शासकीय आवास भगवान भरोसे

मिनी स्टेडियम के अंदर जर्जर हालत के शासकीय आवास है और वहाँ पर रहने वाले शासकीय कई कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए कई साल हो गए, परंतु आज तक शासकीय आवास को खाली नहीं किया है, वहीं कई ऐसे शासकीय कर्मचारी है जो स्थांतरित हो चुके है, परंतु शासकीय आवासों पर कब्जा जमाए हुए है। संबंधित विभाग इन आवासों पर ध्यान नहीं देगा, तो इन आवासों पर लोग अवैधानिक ढंग से कब्जा कर लेंगे। मेला में आने वाले कई दुकानदारों को इन आवासों पर अस्थायी रूप से एक माह तक रहने का ठिकाना भी दिया जाता है।

---

## सीएम प्रवास पर बंगाली समाज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति एवं समस्त बंगाली समाज परलकोट के द्वारा पखांजुर में मुख्यमंत्री के प्रवास को लेकर 7 दिसंबर को बैठक आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया और रणनीति तैयार किया गया।

निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति के पदाधिकारी विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर पखांजुर प्रवास को लेकर निवेदन किया था, उसी के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री के पखांजुर आने की संभावना बन गई है और कई दिनों से उनके आने की चर्चाएं चल रही है। यह कयास लगाया जा रहा है कि 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री का प्रवास हो सकता है, उसी के तहत निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति एवं समस्त बंगाली समाज परलकोट बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के समक्ष समाज की ओर से रखे जाने वाली प्रमुख मांगो पर चर्चा एवं आम सहमति बनाई गई। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए आवश्यक पहल पर भी चर्चा किया गया और जिम्मेदारी भी दिए जाने पर सहमति बनाई गई। आयोजित बैठक में निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मंडल, नगर पंचायत की कार्यकारी अध्यक्ष मोनिका शाहा, रवीन्द्र नाथ गोसाई, शंकर सरकार, रंजू दास, सुकुमार बिस्वास, मिहिर राय, निर्मल मंडल, कमलेश हलधर ▶▶| शेष पेज 12 पर

---

## धान का परिवहन नहीं होने से लैंपस कर्मचारी परेशान, खरीदी पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



- सहकारी कर्मचारी संघ ने धान उठाव को लेकर सौंपा ज्ञापन

प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी धान उपार्जन केंद्रों में धान परिवहन नही होने को लेकर लैंपस कर्मचारी परेशान हो रहे है। हालांकि की नियम 72 घंटे में उठाव का प्रावधान है, लेकिन यह मात्र कहने का नियम है। वास्तव में धान उठाव को लेकर अधिकारी भी रुचि नही दिखाते है। धान के उठाव नही होने से किसानों के धान खरीदी प्रभावित हो रही है, वही मौसम एवं सूखत के भी चिन्ता कर्मचारियों को सता रही है। परिवहन समस्याओं के निराकरण के लिए सहकारी कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर धान परिवहन की माँग किया है और उन्होने बताया कि 14 नवम्बर से ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। ऐसे तो एक नवंबर से ही धान खरीदी प्रारंभ हो जाती है, लेकिन इस बार 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हुई है। धान के अच्छे पैदावार एवं 31 सौ प्रति क्विंटल होने से धान की आवक भी बढ़ी हुई है, लेकिन धान का उठाव नही हो पा रहा है। संबलपुर लैंपस कर्मचारी आत्माराम कल्लो ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के उपार्जन केन्द्रों द्वारा शासन के नियमानुसार धान का कृषको से उपार्जन कार्य किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्रों में अब तक तय सीमा से 50 से 60 प्रतिशत से अधिक धान का उपार्जन किया गया है, फिर भी जिला सहकारी अधिकारी विपणन संघ द्वारा किसी भी प्रकार का परिवहन के संबंध में ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे उपार्जन केन्द्रों में आगामी दिनों के लिए उपार्जन का कार्य कर पाना संभव नहीं है।

धान खरीदी केंद्रों में स्थिति को देखते हुए उपार्जन केन्द्रों से धान तत्काल परिवहन करने के लिए जिला सहकारी विपणन संघ को निर्देशित करने की मांग की गई ▶▶| शेष पेज 12 पर

---



### 5 दिनी फुगल कौशल प्रशिक्षण बारदेवरी व कोड़ेजुंगा में संपन्न

**कांकेर।** क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र केंद्रीय रेशम बोर्ड जगदलपुर द्वारा पाँच दिवसीय फुगल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम बारदेवरी एवं कोड़ेजुंगा में आयोजित किया गया, जिसमें हितग्राहियों को कई अहम जानकारी मिली। जिले के बारदेवरी व कोड़ेजुंगा में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 3 दिसंबर को हुआ था, जिसका समापन 7 दिसंबर को हुआ। प्रशिक्षण में केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक सुनील कुमार मिश्रा व वरिष्ठ तकनीकि सहायक सुनील कुमार, स्थानीय रेशम सहायक संचालक सतीश कुमार भंडारी, तिलक राम ठाकुर प्रक्षेत्र अधिकारी रेशम के द्वारा रेशम खाद्य पौधा प्रबंधन, रेशम कीट पालन, रेशम की धागा निकालने और खाम बीट एवं खाद्य पौधों का रोग प्रबंधन के संबंध में विस्तार रूप से समझाया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में आत्मा के नोडल अधिकारी संगीता रॉय ने कई अहम जानकारी दिया रेशम खाद्य पाँचों के साथ अंतः फसल करने के लिए ▶▶| शेष पेज 12 पर

---

## बारिश ने मचाई तबाही, धान हुआ गीला, किसानों की समस्या बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मौसम विभाग की मानें तो 9 दिसंबर तक ऐसा ही रहेगा मौसम
- शीतकाल में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर





मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ और कांकेर जिला में 7 दिसंबर की सुबह से अलग अलग ईलाकों पर अलग अलग समय पर बारिश हुई। बड़गांव व कांकेर में आधा घंटे तक झमाझम बारिश हुई, इसके अलावा जिले के सभी तहसील मुख्यालयों में बारिश के छीटे पड़े। मौसम विभाग के अनुसार 9 दिसंबर तक बदली-बारिश का दौर जारी रहेगा। इसके चलते कई जिलों में बारिश होगी।

जिले के बड़गांव में सुबह दो घंटे की बारिश होने की सबसे पहले खबर आई जबकि पखांजुर में बारिश का असर इस समय नहीं दिखा। इसके उपरांत धीरे धीरे जिले के सभी तहसील क्षेत्र में बारिश हुई। इस बारिश ने किसानों को परेशान कर दिया, कई किसानों के पास धान को ढकने के लिए तिरपाल नहीं होने के कारण धान पूरी तरह से गीला हो गया। मौसम दो से तीन दिनों तक नहीं खुलने पर धान की गुणवत्ता खराब होना तय है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है, जिसकी वजह से 7 दिसंबर को कांकेर जिला में बारिश हुई और यह प्रभाव अब 9 दिसंबर तक बदली व बारिश का दौर जारी रहेगा, जिसके बाद मौसम साफ होगा और रात के तापमान में गिरावट के साथ कड़ाके की ठंड पड़ेगी।

चक्रवाती तूफान फेंजल के असर के चलते तीन दिन पहले तक बादल छाए रहे, उस बीच अचानक ठंड पर ब्रेक लग गया था। उसके बाद दो से तीन दिन तक मौसम पूरी तरह साफ रहा, तो भी उन्हीं दिनों की तरह स्थिति बनी हुई है। तीन दिन बाद भी अब ▶▶| शेष पेज 12 पर


---

**बूथ समितियों का हो चुका है गठन, 15 तक मंडल के तय हो जाएंगे अध्यक्ष**

# नए साल से पूर्व बस्तर संभाग के सभी जिलों को मिल जाएंगे नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मंडल अध्यक्ष के लिए 35 से 45 और जिलाध्यक्ष के लिए 45 से 60 साल की उम्र सीमा हुई तय
- प्रत्येक 6 साल में सदस्यता अभियान शुरू किया जाता है और बनाए जाते हैं सदस्य
- तीन साल में संगठन का चुनाव करवाने का प्रावधान, दो बार से कार्यकाल हो रहा पाँच साल का



संगठन चुनाव के तहत बस्तर संभाग के सभी बूथों तक बूथ समिति का गठन हो चुका है और निर्धारित कार्यक्रम के तहत 15 दिसंबर तक सभी मंडल अध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा, उसके उपरात नए साल के पहले 30 तक नए जिलाध्यक्ष भी तय हो जाएंगे। उक्त बातें कांकेर प्रवास पर पहुँचे बस्तर संभाग के संगठन प्रभारी बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह ने हरिभूमि से कहीं।

बस्तर संभाग के संगठन प्रभारी व बेलतरा के पूर्व विधायक से हरिभूमि ने संगठन चुनाव महापर्व पर चर्चा किया, इस पर उन्होने कहा कि बस्तर संभाग में सभी जगह बूथ समितियों का गठन हो चुका है और अब मंडल अध्यक्ष के चुनाव के लिए कार्यशाला चल रही है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा। संगठन ने इस बार उम्र सीमा का बंधन भी किया है, जिसके तहत मंडल अध्यक्ष के लिए 35 से 45 उम्र के सक्रिय सदस्य को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाएगी वहीं 45 से 60 साल की उम्र वाले को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जाएगी। संगठन का अभी तक को जो निर्देश है, उसके तहत नए साल के पहले मंडल व जिला का चुनाव संपन्न हो जाएगा और प्रत्येक जिले को नए जिलाध्यक्ष भी मिल जाएंगे। संगठन के पदाधिकारियों का कार्यकाल 3 वर्ष का रहता है, परंतु विगत दो बार से संगठन का कार्यकाल पाँच साल के आसपास रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण रहा है कि उसी समय विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव आ जाते है, जिसके चलते संगठन चुनाव प्रभावित हुए है। प्रत्येक 6 साल में सदस्यता अभियान चलाया जाता है और इस बार दिए गए लक्ष्य को हर जिले ने लगभग पूरा कर लिया है। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ में 2012 से भाजपा लगातार मजबूत होते जा रही है और कार्यकर्ता में युवाओं का वर्चस्व बढ़ते जा रहा है। केंद्रीय कमेटी व प्रदेश कमेटी का निर्देश है कि 30 दिसंबर तक नए जिलाध्यक्ष का चुनाव हो जाना चाहिए, जिसकी तैयारी पूर्ण रूप से चल रही है।

### एक साल में कई बेहतर काम हुए

बस्तर संभाग के संगठन प्रभारी एवं बेलतरा के पूर्व विधायक रजनीश सिंह ने कहा कि विष्णुदेव सरकार के कार्यकाल को एक साल पूरा हो रहा है और एक साल में प्रमुख जो घोषणाएं किया था, वो पूरी होते जा रही है। अन्य जो भी घोषणाएं है, उनके लिए कार्य चल रहा है। मोदी की गारंटी छत्तीसगढ़ में पूरा होते हुए दिख रही है। गरीबों को पक्के मकान नसीब होने लगे वहीं महिलाओं को जेब खर्च के लिए लगातार एक हजार रूपएं मिल रहे है।

---

### मिट्टी की सेहत बचाने के लिए किया जागरूकता



**नरहरपुर।** विकासखंड नरहरपुर में एकलव्य आवासीय विद्यालय में मृदा दिवस का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के एसडीओ प्रमोद कुमार सार्वा ने मिट्टी के स्वास्थय, उर्वरता, मिट्टी के महत्व, मिट्टी की गुणवत्ता की बचाव, रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक के अंधाधुंध प्रयोग के हानिकारक प्रभाव पर जानकारी दिया। अन्य अधिकारियों ने बताया कि विश्व मृदा दिवस मनाने सयुंक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2013 में पारित किया गया, जिसे 5 दिसंबर 2014 से मनाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य मिट्टी की महत्व एवं गुणवत्ता को बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### सीईई परीक्षा उत्तीर्ण युवकों की दक्षता परीक्षा 9 एवं 11 दिसम्बर को

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा सभी सीईई परीक्षा में उत्तीर्ण युवाओं को जानकारी देते हुए बताया कि सीईई में उत्तीर्ण युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन 9 एवं 11 दिसम्बर को रायगढ़ स्टेडियम में किया जा रहा है। जिला प्रशासन कोण्डागांव की ओर से सभी उत्तीर्ण युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने हेतु निःशुल्क बस सुविधा प्रदान की जा रही है। रायगढ़ स्टेडियम में भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आज जिला कार्यालय कोण्डागांव से सुबह 7 बजे, बस स्टैण्ड फरसगांव से 7.30 बजे, बस स्टैण्ड केशकाल से 8 बजे एवं बस स्टैण्ड विश्रामपुरी 8.30 बजे से सभी बसे रवाना होगी। निःशुल्क बस सुविधा का लाभ उठाकर भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थी से नियत समय एवं स्थान में पहुंचने की अपील की गई है।

### करंडी में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** थाना अनंतपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करंडी गांव में एक युवक को 24 नग अंग्रेजी बीयर की बोतलों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि करंडी गांव में अवैध शराब की बिक्री हो रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश देकर एक युवक को 24 नग अंग्रेजी बीयर की बोतलों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा बरामद की गई शराब को जब्त कर लिया गया है।

### शालेय बाल क्रीड़ा स्पर्धा में बच्चों ने दिखाया दम, विजेता हुए पुरस्कृत



**कोण्डागांव।** प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में शनिवार बैगलेस डे के अवसर पर वार्षिक शारीरिक बौद्धिक खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से लेकर पांचवी के बालक बालिकाओं में छिपी प्रतिभा को अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से के जलेबी दौड‘, बोरा दौड़‘, सुरीली कुर्सी, कबड्डी, खो-खो, पचास मीटर दौड़ आदी स्पर्द्धा का आयोजन किया, जिसमे बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। पालक व ग्रामीणों की उपस्थित के बीच बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नन्हें मुन्नें बच्चों में जलेबी दौड़ में भाग लेने के लिए विशेष उत्साह दिखा। सुरीली कुर्सी में दीपेश्वरी, जलेबी दौड़ में मुस्कान, युग, कबड्डी में बालिका वर्ग प्रथम रहे। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के विद्यालय द्वारा किये जा रहे प्रयासों से अतिथियों को अवगत कराया। उप सरपंच राम विलास देवांगन ने विजेता बच्चों के लिए मोमेंटो ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। राजू कोर्राम, बुधरु दिलु राम कामेश्वरी समिति अध्यक्ष पार्वती सोमबती लीलेश्वरस्मिता नेताम सहित शाला प्रबन्धन समिति के सदस्य व पालक, ग्रामीण जन बच्चों के उतसाह वर्धन के लिए उपस्थित रहे।

भाजपा की डबल इंजन सरकार से हर वर्ग को मिल रहा हैं लाभ : टंकराम वर्मा

# भाजपा की बैठक में निकाय चुनाव की रणनीति और डबल इंजन सरकार के लाभ पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर



शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नारायणपुर में संगठनात्मक विषयों को बैठक आहुत की गयी। इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और आगामी चुनावों के लिए रणनीतियों पर चर्चा की।

- हम सबको टीम के रूप में काम करके जनता का विश्वास जीतना है : केदार कश्यप

बैठक में कैबिनेट मंत्री व नारायणपुर जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की भाजपा की डबल इंजन की सरकार से हर वर्ग को मिल रहा है लाभ कोई वर्ग अछूता नहीं है।आगे उन्होंने कहा, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हमारी सफलता कड़ी मेहनत का परिणाम है। अब हमें आगे पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों में भी मेहनत करनी है और शहरी तथा ग्रामीण सरकारों का गठन करना है।/" वर्मा ने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार रहने और अपनी रणनीतियों को सुदृढ़ बनाने की सलाह दी। आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने और उसी उत्साह और मेहनत के साथ काम करने की अपील की।

बैठक को वनमंत्री और नारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा, जिस तरह कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत करके विधानसभा चुनाव में जीत दिलाई है और लोकसभा चुनाव में भी जीत दर्ज की है, इसके लिए देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत का मैं प्रशंसा करता हूं। आपके समर्पण और परिश्रम के परिणामस्वरूप ही हमें डबल इंजन की सरकार मिली है। आगे कश्यप ने सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं का धन्यवाद किया और उन्हें आगामी चुनावों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, /"हम सबको मिलकर एक टीम के रूप में काम करना है और जनता का विश्वास जीतना है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि भाजपा की नीतियों और कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे।

बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम ने भी अपने विचार साझा किए। सभी ने आगामी चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करे आगे उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, संतनाथ उसेंडी, प्रताप मंडावी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभा का सफल संचालन भाजपा जिलामहामंत्री संजय नंदी व आभार भाजपा जिलामहामंत्री संदीप झा ने किया।

## जंगल में पहली बार मिला एलपीजी और ऑक्सीजन सिलेंडर, पुलिस सतर्क



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान पहली बार नक्सलियों का डंप सामान देखकर फॉर्स के होश उड़ गए हैं। जिस इलाके में इनकाउंटर चल रहा था वहां सर्च अभियान के दौरान जंगल गैस सिलेण्डर सहित हथियार बनाने की मशीन फॉर्स ने बरामद किया हैं। पुलिस को नक्सली डम्प सामग्री में पहली बार मिला एलपीजी और ऑक्सीजन सिलेंडर मिलने से पुलिस आश्चर्यचकित है।

- बरामद नक्सली डंप सामग्री को सुरक्षा बल मौके पर किया नष्ट

एसपी प्रभात कुमार के मुताबिक़ जंगल में इस प्रकार की सामग्रियों का मिलना आश्चर्यजनक बात है। नक्सली डम्प सामग्रियों को सुरक्षा बलों द्वारा मौके पर नष्ट कर दिया गया हैं। नारायणपुर डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त कार्यवाही में पुलिस के एक हेड कांस्टेबल की शहादत भी हुई हैं। एसपी ने बताया कि नारायणपुर जिले के सोनपुर और कोहकामेटा थाना क्षेत्र के ग्राम वाला, कोंगे, कान्दुलपाड़, पांगुड़ व आसपास के क्षेत्रों में माआवोदियों के उपस्थिति की सूचना सोमवार को डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी रवाना की गईं थी। सर्चिंग गश्त के दौरान ग्राम वाला-पांगुड़ के जंगल में सुरक्षा बलों को रसोई गैस सिलेण्डर,वेल्डिंग गैस सिलेण्डर, फोल्डेबल चेयर,डेटोनेटर,नक्सली वर्दी,पिट्ठू बैंग, सोलर प्लेट, हथियार बनाने की मशीन, बड़ी संदुके,तेल टिन, साबून एवं भारी मात्रा में नक्सल साहित्य सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री मिला इस प्रकार से नक्सली सामग्री नारायणपुर पुलिस को नहीं मिली थी जो पुलिस के लिए ऐसा सामग्रियों का मिलनाअत्यंत ही आश्चर्यजनक था। बरामद नक्सली सामग्रियों को सुरक्षा बलों द्वारा मौके पर नष्टीकरण की कार्यवाही किया गया हैं ।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में 4 और आरोपी गिरफ्तार



**फरसगांव।** मृतिका को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले शेष 04 आरोपियों को फरसगांव थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं मामले की जानकारी इस प्रकार है कि 23 अक्टूबर को प्रार्थी संजय साहु निवासी फरसगांव में थाना आकर मर्ग इन्टीमेशन रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी भतीजी मृतका उम्र 22 वर्ष ने 23 अक्टूबर को अपने घर के अन्दर म्यार में चुनरी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है कि रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 100/2024 धारा 194 बीएनएसएस., अपराध क्रमांक 156/2024 धारा 108, 64(2) (च) (ढ) बीएनएस, 4,6 पॉक्सो एक्ट कायम कर मृतका के प्रेमी युवराज साहु निवासी विश्रामपुरी को जेल भेजा जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुये। पुलिस अधीक्षक कोण्डागाव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल कुमार विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा मृतका को न्याय देने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुये अग्रिम विवेचना के दौरान प्रत्यक्षदर्शी गवाह एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी युवराज साहु द्वारा मृतका को शादी का प्रलोभन देकर पिछले 06 वर्षों से रिलेशनशिप रखना व प्यार में धोखा एवं आरोपी युवराज साहु के परिवार भुनेश्वर साहु, पन्नू साहू, अनिता साहू, कामता उर्फ कांता साहु धमकी देने से प्रताड़ित होने तथा आत्महत्या के लिए मजबूर करने का पर्याप्त

- पूर्व में मुख्य आरोपी युवराज को भेजा गया था जेल

## तीन दिनी जोन स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का हुआ समापन

**केशकाल।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव में त्रिदिवसीय जोन स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का प्रारंभ 4 दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक ग्राम आमगांव में संपन्न हुआ था जिसका समापन 6 दिसम्बर को हुआ प्रतियोगिता निर्विघ्न एवं निर्विवाद रहा। इस प्रतियोगिता में पांच पंचायतो में 23प्राथमिक शालाएं, 08माध्यमिक शालाएं शामिल हुए जिसमे समस्त शिक्षक,शिक्षिका, एवं खिलाड़ी छात्र छात्राएं सम्मलित होकर अपने अपने खेलो में शानदार प्रदर्शन किए। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में ग्राम पंचायत आमगांव द्वारा ग्राम आमगांव में ग्राम वासियों का विशेष योगदान रहा। त्रिदिवसीय शारीरिक बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में उपस्थिति मुख्यातिथि पूर्व विधायक सेवक राम नेताम पारोंड सरपंच रामेश्वरी मरकाम और उसके साथी। आमगांव गांव के सरपंच यशोदा नेताम, उपसरपंच भैयालाल नेताम, वरिष्ठ नागरिक महेश शार्दूल, लिहागांव सरपंच प्रतिनिधि मिथलेश नेताम आमगांव के सभी गायता, पटेल एवं बड़ी संख्या में विधार्थी और ग्रामवासी मौजूद रहे।

## शालेय बालक्रीड़ा स्पर्धा में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



ग्राम पंचायत मड़ानार के छात्रवास मैदान में पांच से सात दिसंबर तक आयोजित शालेय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी शारीरिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में चार प्राथमिक शालाओं जनपद प्राथमिक शाला, मरारपारा, पदरपारा, नगरी और तीन माध्यमिक शालाओं नगरी, मरारपारा, मड़ानार के बालक–बालिकाओं ने भाग लिया। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बच्चों के उत्साहवर्धन और उनके समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। सांस्कृतिक गतिविधियों में आनंदमय नृत्य, गीत, कविता पाठ और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

- नृत्य, गीत, कविता पाठ और रंगोली प्रतियोगिता भी हुई

प्रतियोगिताओं में घड़ा दौड़, बोरा दौड़ और फुगड़ी जैसे मनोरंजक खेल शामिल रहे। खेल प्रतियोगिताओं में खो–खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, लंबीकूद, एथलेटिक्स, घड़ा दौड़ बोरा दौड़ और फुगड़ी जैसे मनोरंजक खेल शामिल रहे। इन गतिविधियों ने बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास का आंकलन करने में मदद की। प्रतियोगिता में बच्चों को प्रोत्साहित करने ग्राम के सरपंच, पुजारी, कोटवार, शाला प्रबंध समिति के सदस्य, पालक, शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीणों व युवाओं ने हिस्सा लिया। उपस्थित जनसमूह ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और आयोजन का आनंद उठाया।

**ग्रामीणों का सहयोग :** ग्रामवासियों और पालकों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग दिया। ग्रामीणों ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा को देखकर उनकी सराहना की। आयोजन के दौरान बच्चों को नए अनुभव मिले, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। शाला प्रबंधन

## विधायक बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस ने कोंडागांव में निकाली संविधान रक्षक रैली



**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार देशभर में 26 नवंबर से 26 जनवरी तक संविधान रक्षक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने संविधान रक्षक रैली का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम के प्रभारी बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल रहे। रैली जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस भवन से शुरू होकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ नेशनल हाईवे, गांधी चौक, शीतला मंदिर और मंडी रोड होते हुए वापस कांग्रेस भवन पहुंची। वहां संविधान रक्षक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी लखेश्वर बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को आजादी दिलाने से लेकर सुशासन तक में अपनी भूमिका निभाती रही है। उन्होंने भाजपा पर संविधान को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आरएसएस, जो भाजपा की मातृ संस्था है, ने आजादी के 60 साल बाद तक अपने कार्यालय में तिरंगा नहीं फहराया। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि वे यह साबित करें कि आजादी की लड़ाई में आरएसएस का कोई योगदान रहा हो। जिलाध्यक्ष झूमुक दीवान ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ कहा जा रहा है।

## कोण्डागांव बंद को मिला सर्व आदिवासी समाज का समर्थन



**कोण्डागांव।** कोंडागांव में सर्व आदिवासी समाज के आह्वान पर शांति पूर्ण बंद का आयोजन किया गया। इस बंद को सभी समाजों का व्यापक समर्थन मिला। हालांकि मंच पर समाज प्रमुखों का आक्रोश साफ झलका। उन्होंने कहा कि कोंडागांव की स्थिति पहले ऐसी नहीं थी, लेकिन हालिया घटनाओं ने समाज को चिंतित और क्रोधित कर दिया है।

सर्व आदिवासी समाज ने हाल ही में क्षेत्र में बाहरी लोगों द्वारा की जा रही गतिविधियों पर नाराजगी व्यक्त की। समाज प्रमुखों ने मंच से कहा कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। ये लोग अपनी पहचान छुपाकर यहां रह रहे हैं और स्थानीय महिलाओं एवं युवतियों को बहला–फुसलाकर ले जा रहे हैं। कई मामलों में महिलाओं को यातनाएं देने की घटनाएं सामने आई हैं। समाज ने पुलिस कार्रवाई का स्वागत किया, लेकिन मांग की कि इस समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए और सख्ती बरती जाए। उन्होंने कहा कि सभी अवैध घुसपैठियों को सिर्फ प्रदेश से ही नहीं, बल्कि देश की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए।

**स्थानीय लोगों से सतर्क रहने की अपील :** सर्व आदिवासी समाज ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे अपने गांव में आने वाले बाहरी लोगों की पहचान सुनिश्चित करें। खासतौर पर फेरीवालों या अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पूरी जानकारी जुटाएं। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। समाज प्रमुखों ने चेताया कि बाहरी लोग स्थानीय लोगों को गुमराह कर प्रेमजाल में फंसा रहे हैं और इसके गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। इस मुद्दे पर सर्व आदिवासी समाज के साथ अन्य समाज भी खुलकर सामने आए। मंच पर सभी ने एकजुट होकर कहा कि यह केवल आदिवासी समाज की समस्या नहीं है, बल्कि सभी समुदाय इससे प्रभावित हो रहा हैं।

## रंगमंच और सामुदायिक भवन किया लोकार्पित



**केशकाल।** आज ग्राम पंचायत सिदावन उद्घाटन समारोह में श्री देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव और महेन्द्र नेताम जी अध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल के प्रयास से रंगमंच व दोनों के प्रयास से सामुदायिक भवन का उद्घाटन साथ में देवगुड़ी उद्घाटन माँझीचेर्रा में सामुदायिक भवन का उद्घाटन मतलाम जी व नेताम जी के कर कमलों से हुआ . कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य रहे खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव रामलाल नाग ग्राम प्रमुख श्रीमति राजो बाई नाग सरपंच भुनेश्वर नाग उपसरपंच पीतांबर नाग जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कोंडागांव मंशा राम नाग पंच श्रीमती सुमित्रा नाग पंच श्रीमती नंदनी भौयर पंच भगवान सिंग भौयर शेत कुमार कश्यप नरेंद्र कश्यप मानकू राम नाग साथ में ग्राम के गायता मांझी पटेल और ग्राम वासी उपस्थित रहे .

## बगैर जानकारी के निकाली गई पी एफ एम एस की राशि

**केशकाल।** विकासखंड अंतर्गत कई शालाओं के प्रधान अध्यापक ने लिखित शिकायत में बताया है कि उनकी जानकारी के बगैर ही पी एफ एम एस की राशि निकाली गई है। सम्पूर्ण प्रकरण में प्रथम दृष्टया जांच करने पर प्रतीत होता है कि वैध अवधि समाप्ति के एक दिन पूर्व ही जनरेट किए फर्जी पीपीए के जरिए हुए भुगतान से पता चलता है कि राशि की बड़ी खेप सेलेक्टिव वेंडर के नाम से जमा हुई है। कई शालाओं में उसी दिन आहरण भी कर लिया गया है। उच्च कार्यालय से राशि फर्जी सील और हस्ताक्षर से दर्जनों स्कूलों की लाखों की राशि का फर्जीवाड़ा किया गया है। ऑनलाइन पीपीए जेनरेट करने का आईडी और पासवर्ड संस्था में और बीआरसी कार्यालय में उपलब्ध होता है। संस्थाओं के प्रधान अध्यापकों की शिकायत के अनुसार उन्होंने पीपीए जारी नहीं किया तो शक की सुई सीधे कार्यालय खंड श्रोत समन्वयक केशकाल की ओर भी शक सुई घूमती है। प्रकरण में शिक्षकों की मांग है कि यह एक आपराधिक प्रकरण है। जांच कर घोटालेबाजों पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

अब तक किसानों को 149 करोड़ राशि का हो चुका है भुगतान

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य लगातार जारी है। धान के तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक तौल का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे तौल में गड़बड़ी की शिकायतें समाप्त हो गई हैं। इस बार किसानों को नगद भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसान 10,000 रुपए तक का नगद राशि निकाल सकते हैं। जिससे उन्हें सहकारी बैंक के बाहर लंबी लाइनों से छुटकारा मिला है। इसके साथ ही बारदानें की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

**जिले में 67 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं** – जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में धान उपार्जन की व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कोण्डागांव जिले में 67 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए जिले में 55650 किसान पंजीकृत हैं, जिनका कुल 80799 हेक्टेयर रकबा है। अब तक 7983 किसान अपना धान बेच चुके हैं, जिससे 64814 क्विंटल धान की आवक हुई है। धान बेचने के एवज में किसानों के खाते में अब तक लगभग 149 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

**इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था से आई पारदर्शिता :** जिले के किसानों ने उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं को लेकर संतोष व्यक्त किया है। किसानों का कहना है कि नगद भुगतान की सुविधा और इलेक्ट्रॉनिक तौल प्रणाली ने धान बेचने की प्रक्रिया को सुगम और पारदर्शी बनाया है। मसोरा बेड़ापार निवासी भीमसेन मरकाम ने बताया कि सरकार द्वारा अभी किसानों का धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी की जा रही है। माइक्रो एटीएम से तुरंत नगद राशि भी मिल रहा है। यह व्यवस्था काफी अच्छी है। किसान राजकुमार सोरी ने बताया कि उनका पंजीकृत रकबा 5 एकड़ 95 डिसमिल है। उन्होंने बताया कि अभी आधे का टोकन कटवाया है, जिसमें 50 क्विंटल धान बेचा है। यहां धान खरीदी केंद्र में काफी अच्छी व्यवस्था है। जिससे किसानों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है। यहां इलेक्ट्रॉनिक तौल धान खरीदी स्पष्ट और हमारे आंखों के सामने होता है। इलेक्ट्रॉनिक तौल से धान खरीदी जल्दी हो जाती है। वहीं माइक्रो एटीएम से तत्काल भुगतान की भी व्यवस्था है।

### माइक्रो एटीएम से 10 हजार तक की राशि का भुगतान तत्काल

ग्राम मसोरा निवासी सुनील कुमार मरकाम ने बताया कि वे अपना धान बेचने धान खरीदी केन्द्र मसोरा में लाए हैं। इस दौरान धान खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों का सभी प्रकार का पूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रीकल तौल से धान खरीदी आसान और स्पष्ट हो गया है, जिससे धान खरीदी जल्द हो जाती है। सरकार ने अब माइक्रो एटीएम की व्यवस्था कर दी है, जिससे किसान जरूरत के अनुसार 10 हजार रूपए तक की राशि की निकासी भी यहीं से कर सकते हैं। इस व्यवस्था से किसानों को अपने पैसे की निकासी में काफी राहत मिल रही है।

## पेज 11 के शेष

### सीएम प्रवास पर...

, आलोक, किशोर मंडल, हर्षित मृधा, निमाई विश्वास, देवाशीश राय, पॉरिमल मंडल, सोपिदों सरकार, रमेन मंडल , नलिनी साना, सिद्धार्थ, असीम सरदार, नारायण साना, जगन्नाथ, ऋषि मजूमदार, बसु हालदार, भागीरथ हालदार एवं समस्त पदाधिकारी व परलकोटवासी उपस्थित रहे।

### धान का परिवहन...

है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की उपार्जन में कठिनाई न हो। परिवहन न होने की स्थिति में दिनांक 9 दिसंबर सोमवार से उपार्जन कार्य नहीं हो पाएगा। ज्ञापन देने के लिए जिलाभर के लैंपस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 5 दिनी फुगल...

मूंगफली के बीज देने की प्रस्ताव रखा। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणात्रियों को प्रशस्त्री पत्र प्रदान किया गया एवं उत्तम प्रशिक्षणार्थियों को पुरुस्कार पुरस्कार प्रदान करते हुए उत्साहवर्धन किया गया।

### बारिश ने मचाई...

तक ठंड नहीं लौट पाई है। लिहाजा दिसंबर माह में भी हाफ स्वेटर से ही काम चल रहा है। दिसंबर शीतकाल की चरम सीमा माने जाने वाला महीना होता है। इसके बावजूद इस महीने अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। ऐसे में दिन में तो गर्मी का अहसास हो ही रहा है, रात में भी हाफ स्वेटर से काम चल जा रहा है। बता दें कि फेंजल तूफान के असर से पहले अधिकतम तापमान जहां 26 से 27 डिग्री के आसपास था तो न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

## खबर संक्षेप

### मशाल का एजुकेशन सिटी में हुआ स्वागत



**गीदम।** मेगा बस्तर ओलम्पिक का संभाग स्तरीय कार्यक्रम जिला बस्तर में 11 दिसंबर से 13 दिसंबर तक होना है। जिला स्तरीय ओलम्पिक खेल समाप्त होने के पश्चात 7 दिसंबर को संभाग स्तरीय ओलम्पिक खेल में शामिल होने मशाल जिला दंतेवाड़ा से रवाना हुई जिसका एजुकेशन सिटी जावंगा में भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड गीदम के खंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पूनेम, बीआरसी जितेंद्र चौहान व शिक्षा विभाग के सभी अधिकारीगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर लोगों को किया जागरूक



भोंड। 1 छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल के सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश से इस यूनिट के अधीनस्थ एनसीसी संचालित संस्था बस्तर संभाग के 520 एनसीसी कैडेटो ने 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया। जिसमें दौड़ प्रतियोगिता, साइकिलिंग, लेक्चर, ध्वजारोहण आदि का आयोजन किया गया। जिसमें देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए लड़ने वाले शहीदों और बर्दीधारी जवानों के सम्मान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एएनओ और पीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

### अधिकारियों ने की कार्यालय की सफाई



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों में स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने हाथ में झाड़ू, फावड़ा, बाल्टी लिए कार्यालय परिसर एवं कार्यालय में सफाई अभियान, फाईलों का व्यवस्थित रख-रखाव कर रहे हैं। कलेक्टर ने महीने में कम से कम दो शनिवार को विशेष सफाई अभियान चलाकर अपने-अपने कार्यालयों को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया था जिसके परिपालन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला कोषालय, चुनाव शाखा, तहसील कार्यालय गंगालूर, तहसील कार्यालय बीजापुर, एसडीएम कार्यालय परिसर भैरमगढ़, एसडीएम कार्यालय उसूर सहित जिले एवं ब्लॉक के विभिन्न कार्यालयों एवं परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमें अधिकारी-कर्मचारी स्वस्फूर्त श्रमदान किए।

## कृषि कार्य : भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए कूप खनन को दें बढ़ावा

# परंपरागत जैविक कृषि में ही है कृषकों की आर्थिक समृद्धि: अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज जावंगा ऑडिटोरियम में द्वि दिवसीय ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्कलेव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्र विधायक चैतराम अटामी ने वक्तव्य में कहा कि यह हर्ष का विषय है कि जिले में प्रथम बार ऑर्गेनिक कॉन्कलेव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन से न केवल हमारे जिले के जैविक कृषकों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया।

- 14 ग्रामों का किया गया प्रमाणीकरण, कृषकों को दिए गए उन्नत कृषि यंत्र



इसके साथ ही परंपरागत खेती के महत्व और उसकी परंपरागत विरासत को दर्शाया गया है। जैविक खेती न केवल कृषि की एक स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल विधि है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर को भी जीवित रखती है। अटामी ने किसानों की सराहना करते हुए यह संदेश दिया है कि वे जिले के गौरव को बढ़ा रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती की परंपरा हमारे पूर्वजों के समय से चली आ रही है, जो इस क्षेत्र की विशेषता और पहचान है। इस प्रकार के आयोजन से न केवल किसानों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

जैविक खेती को बढ़ावा देने से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और समृद्ध कृषि अर्थव्यवस्था की ओर भी यह एक सकारात्मक कदम है। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि जिले में अंधाधुंध भूमिगत जल दोहन करने के दुष्परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अत्यधिक बोर खनन से जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है अतः हमें घर -घर कुएं के निर्माण को बढ़ावा देना होगा। इसके साथ ही उन्होंने गोवंश पालन के महत्व को बताते हुए कहा कि जैविक खाद का प्रमुख स्त्रोत गोवंश ही है अतः गायों सहित अन्य पशुओं को घुमन्तु न बनाए।

राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में प्रारंभ की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि शासन किसानों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक का यह भी कहना था कि वे स्वयं किसान पुत्र है और विधायक होने के बाद भी आज खेतों में काम करना उनके लिए गर्व की बात है। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रदेशों से आए जैविक कृषि विशेषज्ञों को आने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जैविक कृषि विशेषज्ञ पद्मश्री भारत भूषण त्यागी ने भी अपना वक्तव्य दिया ज्ञात हो कि बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के निवासी त्यागी भारतीय किसान शिक्षक और प्रशिक्षक है। जिन्होंने जैविक कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया है।

उनका कहना था कि कृषकों की आर्थिक विकास जैविक कृषि से ही संभव है। इसके अलावा हमें बहु फसलीय पद्धति का भी अनुकरण करना होगा। यदि पूरी समझदारी से जैविक कृषि के नियमों को सीखा जाए तो फसल उत्पादन में बढ़ोतरी निश्चित है इसके अलावा भारत सरकार द्वारा प्रमाणीकरण भी निशुल्क किया गया है। कृषकों को अपने जैविक उत्पादन के साथ उसके प्रसंस्करण प्रक्रिया भी अपनानी पड़ेगी। कुल मिलकर कृषि का लाभकारी व्यवसाय में बदलना इसका अंतिम उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश और यहां के कृषि परिदृश्य की तुलना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुकाबले यहां जैविक कृषि के लिए अधिक अनुकूल अवसर है यहां के प्राकृतिक संसाधन और भूमि के चलते यह क्षेत्र जैविक कृषि में अग्रणी बन सकता है। इसके साथ ही उन्होने कहा कि जैविक कृषि के संबंध में नाना प्रकार के तौर तरीकों में उलझना हितकर नहीं है इसके बजाए हम एक सीधे रास्ते का अनुकरण करें। जैविक कृषि भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है।

जैविक खेती न केवल पर्यावरण के लिए अनुकूल है, इससे न केवल किसानों की आय भी बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक भोजन प्राप्त होगा।

### अन्य जिलों से आए प्रगतिशील कृषकों ने विचार रखे

ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव के दूसरे दिन प्रगतिशील किसानों और विशेषज्ञों ने जैविक खेती के महत्व और उसके फायदे पर चर्चा की। इस क्रम में रोहित साहू दुर्ग और धनेन्द्र साहू धमतरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए जैविक खेती की तकनीकों और इसके सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने जैविक खेती करके भूमि की उर्वरता को बनाए रखी, बल्कि पर्यावरण का संरक्षण भी किया। इसके अलावा जिले की प्रतिभाशाली छात्रा कृति नेताम ने भी इसमें भाग लेते हुए और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्थानीय समुदाय को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि यह न केवल स्वास्थ्य के लिए बेहतर है बल्कि आर्थिक रूप से भी किसानों को सशक्त बना सकती है। इस तरह के कार्यक्रम से किसानों को नई तकनीकों और अनुभवों से परिचित होने का अवसर मिलता है, जिससे वे अपनी खेती को अधिक लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बना सकते हैं। इसके साथ ही विधायक एवं जनप्रतिधियों के हाथों कृषकों को कृषि यंत्रों का वितरण, 16 ग्रामों को वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण अन्तर्गत प्रमाण पत्र का वितरण, के साथ-साथ जिले के 1062 आंगनबाड़ी केन्द्र में गंभीर कुपोषित बच्चों को दिए जाने वाले जैविक मल्टीग्रेन मिलेट पोषण आहार को लांच किया गया। इस इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य वेशुराम मंडावी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, कृषि उप संचालक सूरज पंसारी सहित अन्य जिलों के कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

## विकास कार्यों की जानकारी लेने कलेक्टर सीमांत गांव बेंगलूर और सडार पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने विकास कार्यो की जानकारी लेने भैरमगढ़ ब्लॉक का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान सीइओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार भी मौजूद थे। कलेक्टर ने भैरमगढ़ के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं जिले के अंतिम छोर पर दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर बसे ग्राम पंचायत बेंगलूर एवं सडार पहुंचकर विकास कार्यो की जानकारी ली।

भैरमगढ़ के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में छात्राओं से मिलकर पढ़ाई, लिखाई में संस्था में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। छात्राओं ने कलेक्टर से आत्मीयता पूर्वक मिलकर अपनी पढ़ाई संबंधी जानकारी दी। वहीं विद्यालय में कम्प्यूटर एवं अतिरिक्त कक्ष की मांग के साथ ही विद्यालय के डायनिंग हाल की स्थिति एवं पढ़ाई हेतु उपलब्ध प्रोजेक्टर के मरम्मत कराने अवगत कराया। कलेक्टर ने छात्राओं की समस्या से अवगत होकर डाईनिंग हाल एवं प्रोजेक्टर के मरम्मत हेतु निर्देश दिए। तत्पश्चात जिले के अंतिम छोर बेंगलूर में बालक आश्रम एवं आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया एवं स्कूल भवन का मरम्मत कराने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता एवं सहायिका को निर्धारित समय तक रूकने सभी दर्ज बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं बच्चों का नियमित रूप से पौष्टिक आहार प्रदाय करने के निर्देश दिए। बेंगलूर पहुंच मार्ग में पुलिया की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पुलिया निर्माण हेतु आवश्यक निर्देश दिए वहीं धान खरीदी केन्द्र बेंगलूर में धान खरीदी एवं केन्द्र में मौजूद बुनियादि एवं सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं ग्राम सडार में निर्माणधीन स्कूल भवन का अवलोकन करते हुए आवश्यकत निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम भैरमगढ़ विकास सर्वे, सीईओ जनपद पंचायत पीआर साहू सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का सामाजिक कार्यकर्ता बेला भाटिया ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ द्वारा नगरीय निकाय दंतेवाड़ा, किरंदुल, बचेली, गीदम एवं बारसूर के प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है, जिससे नागरिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस हड़ताल के चलते नगर में पानी की आपूर्ति और सफाई की व्यवस्था में चरमरा गई है। जिससे नगरवासी और आम जनता दोनों ही परेशान हैं। नगर की सड़कों पर गंदगी फैलने लगी है और जल आपूर्ति प्रभावित होने से जीवन यापन में कठिनाई हो रही है। प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन के नए तरीकों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने सड़क पर बैठकर भीख मांगने का प्रदर्शन किया, जिससे उनकी स्थिति और उनकी मांगों की गंभीरता को उजागर किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी आवाज़ प्रशासन द्वारा अनसुनी की जा रही है और वे अपने हक के लिए संघर्षरत हैं। हड़ताल में बैठे कर्मचारियों को सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बेला भाटिया ने भी समर्थन दिया है और अपने उद्बोधन में कहा कि लोकतांत्रिक देश में सभी को समान अधिकार है और आपकी मांगे जायज है। हड़ताल में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के जिला संयोजक त्रिपुरारी मंडावी ने भी संगठन के बारे में अवगत करवाया साथ ही अपने अधिकार के लिए लड़ने हेतु संघ के साथ जुड़ने हेतु पहल कर कर्मचारियों का उत्साह वर्धन बढ़ाया। जिला प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष देवी शंकर सैनी ने कहा कि हमने समय-समय पर सरकार से अपनी जायज मांगें रखी हैं, लेकिन अब तक उनका कोई समाधान नहीं निकला है। हम अपने हक के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। नगरवासी इस हड़ताल की गंभीरता को महसूस कर रहे हैं और प्रशासन से तत्काल समाधान की अपील कर रहे हैं। जन जीवन को प्रभावित कर रही इस स्थिति के समाधान के लिए प्रशासन को जल्द ही ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। कर्मचारियों की मांगों और जनता की समस्याओं के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जिससे नगर की स्थिति और भी जटिल हो गई है। संघ के पदाधिकारी देवीशंकर सैनी, लोमेश सिन्हा, अंजलि गाइन, रिजपाल ठाकुर, देवेन्द्र ध्रुव, राजेश पुजारी, संपत ठाकुर, रूपधर कड़ती, चंद्रभूषण सिन्हा, रामलखन पटेल, मनु मरकाम, सुनील कश्यप, शिवशंकर श्रीवास्तव एवं जिले के निकायों के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्योता भोज में बच्चों को मिला गर्म और स्वादिष्ट भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

अंग्रेजी माध्यम शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में शिक्षिका ममता सिकरवार के जन्मदिन अवसर पर न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पुलाव, सब्जी, सांभर, मिठाई और फल का वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में न्यौता भोज के नाम से लागू किया गया हैं। इसमें कोई भी इच्छुक दानदाता अपनी ओर से बच्चों को मध्यान्ह भोजन के समय इस तरह से पूरक आहार के रूप में पौष्टिक भोजन प्रदान कर सकते हैं। इसके तहत शासकीय कन्या माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम कोंटा में शिक्षक सच्चावती नाग, ममता सिकरवार, टी. एंकी, ज्योति खलखो के नेतृत्व में बच्चों को गर्म और स्वादिष्ट भोजन कराया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक जगमोहन, ब्याख्याता दुसन लाल मार्गे, प्रधान अध्यापक सुशील कुमार श्रीवास, टी श्रीनिवास राव, सत्यराजू नाग, सभी शिक्षक, सहायक ने भी भोजन का आनंद लिया।

न्यौता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है। समुदाय के लोग या फिर कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं।

## जगरगुण्डा में कौशल विकास का युवाओं को मिल रहा राजमिस्त्री का प्रशिक्षण



**कोंटा।** माओवाद प्रभावित और दूरस्थ संवेदनशील क्षेत्रों में सरकार की योजनांतर्गत बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन-प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जगरगुण्डा में ही राजमिस्त्री का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। यह पहल लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों को भी गति देगी । प्रशिक्षण में स्थानीय युवाओं को निर्माण कार्य की तकनीकी जानकारी और व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है। इससे उनके कौशल का विकास होगा और रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। प्रदेश सरकार के प्रयासों से माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत किए गए हैं। राजमिस्त्री के प्रशिक्षण के माध्यम से इन आवासों के निर्माण में तेजी आएगी। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों की उपलब्धता से निर्माण कार्य समय पर पूरा होने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण भी होगा। जिला प्रशासन द्वारा इन क्षेत्रों में सक्रिय रूप से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जगरगुण्डा जैसे संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए यह पहल महत्वपूर्ण है। इससे लोगों को रोजगार के साथ-साथ विकास कार्यों में भागीदारी का अवसर भी मिलेगा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि शासन और प्रशासन द्वारा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से इन क्षेत्रों में विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है ।

## लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई: एटला

**भोपालपटनम।** जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण लाल कूड़ेम के अध्यक्षता में संकुल केंद्र पीलूर, सकनापल्ली, वरदल्ली का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में एपीसी श्रीनिवास एटला ने शिक्षा गुणवत्ता सुधार करने तथा विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने निर्देशित किया गया। निपुण बीजापुर कार्यक्रम के अनुरूप दिए शेड्यूल अनुसार प्रतिदिन गतिविधि आधारित शिक्षण कार्य कराए जाने गतिविधियों को निपुण बीजापुर ग्रुप में शेयर करने, जाति प्रमाण पत्र समय सीमा में बनाने, अपार आई डी छात्रवृत्ति समय सीमा पूर्ण करने आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं चर्चा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भोपालपटनम ने विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने निर्देशित किया गया। किसी भी लापरवाही पर सख्त कार्यवाही करने की



चेतावनी दी गई। शिक्षकों को समय पर उपस्थित होने तथा नियमित दैनंदिनी का संधारण, नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षण कार्य करने, एफएलएन के लक्ष्य को कक्षावार प्राप्त करने एवं नवाजतन कार्यक्रम के अनुसार 21 वीं सदी के कौशलों का विकास करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य कोरम रामदास, संकुल समन्वयक, शेख मकबूल, अप्पाजी चंद्रशेखर सहित स्कूलों के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।






## स्कूली बच्चों का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल के तत्वाधान में स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा एवं जेके नेत्र हॉस्पिटल रेटीना केयर जगदलपुर के सहयोग से बाल ज्योति निःशुल्क नेत्र शिविर विकासखण्ड गीदम के कन्या माध्यमिक शाला व बारसूर में आयोजित किया गया।

कन्या माध्यमिक शाला गीदम में नेत्र जांच शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैसुराम मंडावी जिला पंचायत सदस्य दंतेवाड़ा, अंति वेक अध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम, मनीराम हपका उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम, ममता गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, राजेश नाग विधायक प्रतिनिधि, अजय अवस्थी मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा गीदम उपस्थित रहे। बारसूर में आयोजित शिविर में वैसुराम मंडावी सदस्य जिला पंचायत दंतेवाड़ा, उमेश्वर पुजारी अध्यक्ष नगर पंचायत गीदम, भुनेश्वर भारद्वाज मंडल अध्यक्ष भाजपा बारसूर, राजेश नाग विधायक प्रतिनिधि की उपस्थिति में शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने सम्बोधन में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए आई फ्लू तथा अन्य संक्रमण रोग से बचाव के लिए सुरक्षित रहने की बात बच्चों से कही। आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल सीएसआर मुख्य डॉ. तेज प्रकाश ने आरोग्य बाल ज्योति योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नेत्र दृष्टि कमजोर बच्चों को निःशुल्क चश्मा संस्था के द्वारा दिया जाएगा। जेके नेत्र हॉस्पिटल रेटीना केयर के मेडिकल टीम के डॉक्टर एवं सदस्यों ने नेत्र परीक्षण किया तथा नेत्र समस्या ग्रस्त बच्चों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की। बच्चों को चश्मा के लिए चिन्हांकन किया गया।

गीदम में लगे शिविर में 345 व बारसूर में 375 कुल 710 विद्यार्थियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में गीदम विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जीतेन्द्र चौहान, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र परासर, बीआरपी पूनम जय सिंघानिया, स्पेशल एजुकेटर ऋतू उपाध्याय, सर्व संकुल समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एकलव्य में प्रवेश के लिए 10 तक मौका

**कांकेर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए के माध्यम से 10 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। भरे गए ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 11 से 19 दिसम्बर है तथा प्रवेश चयन परीक्षा 19 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### प्रमाणपत्र नहीं मिलने पर छात्रों ने रिपोर्ट लिखने की दी धमकी

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय आईटीआई स्कूल भानुप्रतापपुर में प्राचार्य की घोर लापरवाही के कारण 2021 में आईटीआई का पाठ्यक्रम पूरा कर चुके किसी भी छात्र-छात्रा को प्रमाणपत्र नहीं दिया गया है। इस संबंध में प्राचार्य से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया। शासकीय आईटीआई स्कूल भानुप्रतापपुर की पूर्व छात्रा नेहरूनगर निवासी झरना लता पांडेय छात्रा ने बताया कि कई बार स्कूल के प्राचार्य से संपर्क किया गया, लेकिन उनसे हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला और किसी भी दस्तावेज की प्राप्ति नहीं हुई। लापरवाही के कारण कई सरकारी और निजी वैकेंसी के लिए आवेदन करने से वंचित हो गई हैं, क्योंकि उनके पास प्रमाणपत्र नहीं है। छात्रा ने बताया कि अगर जल्द ही उन्हें प्रमाणपत्र नहीं मिला तो वह मजबूर होकर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाएंगी। यह मामला उनके कैरियर की संभावना को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। पूरे मामले में प्राचार्य की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी पर सवाल उठने लगे हैं। छात्रा ने मीडिया के माध्यम से अपनी परेशानी साझा करते हुए न्याय की मांग किया है। छात्रा ने कहा कि यह घटना शासकीय संस्थानों में दस्तावेजीकरण और प्रशासनिक कार्यों में सुधार की आवश्यकता को उजागर करती है। छात्रों के भविष्य से जुड़ी इस गंभीर समस्या को तत्काल सुलझाया जाना चाहिए।

### उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत

**जगदलपुर।** बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, खेल मंत्री टंकराम वर्मा जगदलपुर पहुंचे। शहर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर सफीरा साहू, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित जनप्रतिनिधि और कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने मंत्रियों का आत्मीय स्वागत किया।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज ने दिया 20 यूनिट रक्तदान

**जगदलपुर।** शासकीय सह-शिक्षा पॉलिटेक्निक कॉलेज की ओर से शनिवार को आड़ावाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य एडी पटेल और महारानी ब्लड केंद्र के प्रभारी डॉ. डाकेश रात्रे ने किया। इस अवसर पर डॉ. रात्रे ने पॉलिटेक्निक कॉलेज द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के रक्तदान शिविर अधिक से अधिक स्तर पर आयोजित किए जाने चाहिए।

# पैराडाइज स्कूल के शिक्षक, पालक-बालक सम्मेलन में प्रोग्रेस कार्ड पर सर्वाधिक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज सीबीएसई हायर सेकेण्डरी स्कूल में 07 दिसबंर को शिक्षक, पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर बच्चों के पीरियोडिक टेस्ट 3 का प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौषल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे मे छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला मे उनकी रूचि की भी चर्चा की गई एवं पालकों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया।

पैराडाइज स्कूल के बच्चों को पाठ्यक्रम के विभिन्न विषय के साथ-साथ योग ध्यान, विभिन्न आउटडोर, इनडोर गेम्स, मार्शल आर्ट, क्लासिकल एवं वेस्टर्न गीत संगीत एवं नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश, बाल नैतिक शिक्षा एवं यूथ इम्पावरमेन्ट कक्षाओं का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जाता है, जिससे प्रत्येक बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो और समाज के लिए अति महत्वपूर्ण मानव संसाधन बनकर अपने देश एवं मानव समाज की सेवा कर सकें। इस शिक्षक पालक बालक सम्मेलन मे सभी छात्र-छात्राओं को प्रगति की चर्चा की ताकि जिन बच्चों के एक्स्ट्रा अटेंशन, रेमिडियल क्लास एवं उनका काउंसलिंग कर उन छात्र-छात्राओं के लिए कक्षाओं का आयोजन किया जा सकें और सभी बच्चों का समय नियोजित कर स्वयं से अध्ययन के लिए समय सारणी बनाकर सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को गहनता के साथ अध्ययन अध्यापन करा कर अच्छे परिणाम के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की सुदृढ़ व्यक्तित्व निर्माण को भी प्राथमिकता दिया जा सकें। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा आयोजित शिक्षक पालक बालक सम्मेलन में लगभग सभी पालक संतुष्ट रहें, वे अपने बच्चों की अच्छी प्रगति से बहुत ही प्रसन्न एवं गौरवान्वित हुए।

## गीत-संगीत नृत्य और खेलकूद की धूम



### योगदान रहा

स्कूल में बच्चों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य को अति उत्तम स्तर पर ले जाने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोआर्डिनेटर पूनमजीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।
खबर के साथ फोटो —-

## कार्रवाई : वन अमले की माने तो चिरान का बाजार मूल्य लाख रुपए

# पैरा में छिपाकर रखे 28 नग सागौन चिरान जब्त एवं आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



वन परिक्षेत्र कापीस अंतर्गत पीव्ही 43 में आरोपी किसान ने खेत में रखे पैरा में छिपाकर सागौन के चिरान को रखा था। जाँच करने पर पैरा के नीचे 28 नग सागौन का चिरान मिला। वन विभाग की टीम ने सागौन चिरान को जप्त कर वन प्रकरण दर्ज करते हुए कार्यवाही किया है।

जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी सामान्य को मुखबिर से सागौन चिरान के होने और परिवहन करने की जानकारी 4 दिसंबर को मिला। खबर मिलते ही वन अमले के अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रुप से घोड़ागांव एवं डोटोमेटा मार्ग में रात्रि गश्त किया गया, परंतु रात को वन विभाग के अमले की गतिविधयां को देखकर रात को परिवहन नहीं किया गया, बल्कि छिपाकर रख दिया गया था। मुखबिर की जानकारी पर वन विभाग की टीम 5 दिसंबर को आरेंज ऐरिया वन क्षेत्र में सुशांत मृधा पिता ठाकुर मृधा निवासी ग्राम पीव्ही 43 के खेत खलिहान में दबिश देकर जाँच करने पर पैरा के नीचे सागौन चिरान मिला। पैरा में दबे चिरान को निकाला गया और पैरा के नीचे रखे 28 नग सागौन चिरान और 5 नग बीजा चिरान को जप्त किया गया। वन विभाग ने नापजोख में पाया कि 28 नग सागौन चिरान जो 0.677 घन मीटर एवं बीजा चिरान 5 नग जो 0.09 घन मीटर मिला। इस तरह कुल चिरान की मात्रा 0.767 घन मीटर जप्त करते हुए आरोपी सुशांत मृधा पिता ठाकुर मृधा निवासी ग्राम पीव्ही 43 तहसील पखांजुर, जिला कांकेर छत्तीसगढ़ के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 11841/8 दिनांक - 5/12/2024 पंजीबद्ध किया गया है।

### कार्रवाई में यह रहे शामिल

वन अपराध प्रकरण में वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी देवदत्त तारम के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक डोटोमेटा योगेश कुमार जुर्री, परिक्षेत्र सहायक कापसी, टीआर सिन्हा, परिक्षेत्र सहायक प्रतापपुर विजय कुमार यादव, एवं वन विभाग का अमला गणेश्वरी राणा, कविता नरेटी, प्रीती दुग्गा, पुष्पेन्द्र यादव, अनिल कुमार नेताम, धर्मेन्द्र निषाद, विनोद हिड़को आदि वन कर्मचारी के साथ सुरक्षा श्रमिक विकास तरफदार, फरसू राम ध्रुवा, वाहन चालक संत कुमार सिदार का सहयोग रहा।

### कार्रवाई की गई

पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मंडल के वनमंडलाधिकारी हेमचंद्र पहरे से इस विषय पर बात किया, उन्होने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही किया गया है और यह बड़ी कार्यवाही है। सागौन व अन्य प्रजाति की लकड़ी की कटाई की जानकारी दिए जाने पर इसी तरह से आगे भी नियमित कार्यवाही किया जाएगा। इस मामले में आरोपी पर प्रकरण दर्जकर कार्यवाही किया गया।

## संकुल स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



संकुल केंद्र आमाकोट के ग्राम तरियापारा में दो दिवसीय संकुल स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सरपंच जेठीबाई मरकाम एवं ग्राम पटेल शांतिराम कल्लो, ग्राम प्रमुख राम सिंह दर्रो के द्वारा किया गया, जिसमें प्राथमिक शाला के 94 माध्यमिक शाला के 63 और हाई स्कूल के 32 बच्चों ने सहभागिता दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का 100 मीटर दौड़, आलू दौड़, जलेबी दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, गोला फेक एवं बोरा दौड़ कराया गया। द्वितीय दिवस में ग्रामीण खेल एवं बच्चों के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की समापन में रामचंद्र नाग सेवानिवृत्ति संकुल समन्वयक अमोडी, रजनाथ दर्रो सेवानिवृत्त संकुल समन्वयक अमोडी, प्रवीण चतुर्वेदी सहायक विकास खंड अधिकारी अंतागढ़, रवि प्रकाश लोहसिंह व्यायाम शिक्षक हायर सेकेंडरी भानबेड़ा, गणेश्वर साहू, युगेंद्र यदु, राजीव चक्र संकुल समन्वयक पोड़गांव के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुनेश्वर साहू संकुल प्राचार्य आमाकोट के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात संकुल प्राचार्य के सौजन्य से विजेता एवं उप विजेता को ईनाम वितरण मुख्य अतिथियों के माध्यम से किया गया। संकुल स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक गतिविधि कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप कुमार दास, रामाधार साहू, गोविंद राम साहू, देवलाल नूरुटी, गोपाल दीवान, निर्मल भास्कर, संजीव मंडल, डुमेंद्र साहू, पूर्णिमा धलेन्द्र, संजय ठाकुर, चंदन सर्फे, किरण पोटाई, मुकेश सोनवानी, टोमन जैन, कवल दुग्गा, चंदन वर्मा, शीलू ठाकुर, रनाय मरकाम, भुनेश्वर कुंजाम, सुरेश कोरेटी, भानु शंकर दर्रो, अनवर हुसैन, संध्या ठाकुर, जगत पोटाई, अशोक इश्दा, शर्मिला ऊके, सविता जैन, आशकरण कोर समस्त रसोईया, अंशकालिक स्वेच्छक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं और ग्राम तरियापारा के समस्त ग्रामीण जन का सहयोग रहा।

## गुरवंडी के स्कूलों के न्योता भोज में प्रधानपाठकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल केंद्र मंगहूर में प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के बच्चों एवं ग्रामिणों को न्योता भोजन मुख्य अतिथि नागसाय तुलवी, अध्यक्षता संतोष सिंह राठौर संकुल प्राचार्य, विशेष अतिथि भुनेश्वर राणा प्रधानाध्यापक माशा गुरवंडी, मनीराम गोटा, लक्ष्मण दुग्गा, धनसाय दुग्गा एवं सुरतु राम जाड़े संकुल समन्वयक की उपस्थिति में कराया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठ होकर हमारे शिक्षक कार्य करते हैं, जिसमे कोई शक नही है। हम नवयुकों और पालकों को आगे आकर बच्चों की पढ़ाई के लिए सजग होने की बात कही। अध्यक्षता कर रहे संकुल प्राचार्य ने पद की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी को बताते हुए दूरस्थ अंचल में अच्छे लगन के साथ बच्चों को पढ़ाकर अच्छी शिक्षा देने के साथ नवोदय व एकलव्य विद्यालय में चयन के लिए तैयारी करने की बात कहते हुए संकुल केंद्र मंगहूर के प्राथमिक शाला गुरुवंडी के धेवरचन्द मरकाम, बालक आश्रम मंगहूर के टीकाराम ठाकुर, प्राथमिक शाला बड़े पराली में कंवल सिंह देहारी को सहायक शिक्षक से प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नत होने की शुभकामनाएं दिया। पदोन्नत प्रधानाध्यापकों को आफिस बैग ,पेन व डायरी भेंट किया गया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता रंजीता गाईन का भी भेंट देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण साहू, चेतन साहू, दिनेश ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, दुर्गाप्रसाद साहू व्याख्याता, राकेश पद्माकर,भूपेंद्र ओझा, देव कुमार, सदाराम कोरेटी फौदराय नेगी , मैनु राम नेताम, पूजा मंडावी, मुकेश गावड़े, भूपेंद्र ठाकुर, मकलेश जैन , राजेश गोटा, घसियाराम जैन, ममता जायसवाल, सुलोचना रावटे, सरस्वती नेगी, जीविता हिड़को का योगदान रहा।

## घायल युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




अंतागढ़ थानांतर्गत लामकन्हार के पास सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धमतरी जिला के कोलियारी निवासी टिकाराम साहू हाल निवासी लामकन्हार ने पुलिस को बताया कि टाईल्स का ठेकेदारी का काम करता हूं। सिहावा थानांतर्गत ग्राम उमरगांव निवासी 21 वर्षीय श्रीराम नागरर्ची मेरे अंडर मे एकल्वय स्कूल लामकन्हार में रेजा कुली का काम करता था। मैं अपने कमरे में 5 दिसंबर की शाम 6 बजें था, तभी लाईट चालू करने के लिए बाहर निकला। बाहर में रोड किनारे हल्ला हो रहा था, जिसे सुनकर पास गया तो देखा कि मेरे रिश्ते के साला श्रीराम नागरर्ची का एक्सीडेंट होने से उसके सिर पर चोट आया था। घायल की पत्नी नोमेश्वरी नागरर्ची से पूछा तो बताई कि मैं और मेरे पति श्रीराम नागरर्ची के साथ किराना समान खरीदने किराना दुकान गए थे। सामान खरीदकर पैदल वापस रूम आ रहे थे। एकलव्य स्कूल लामकन्हार के सामने पहूंचे थे कि पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएल 4535 के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पति श्रीराम नागरर्ची के सिर मे चोट लगा है और बेहोश हो गया। घायल को संजीवनी 108 वाहन से अंतागढ़ अस्पताल लेकर ले जाने पर चिकित्सक ने युवक की मौत होने की पुष्टि किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बौद्ध समाज ने डा. आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



**भानुप्रतापपुर।** बौद्ध समाज भानुप्रतापपुर के द्वारा में 6 दिसंबर को भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के रचनाकार, नारियों के मुक्तिदाता, ज्ञान के प्रतीक, बोधिसत्व डॉ. भीमराव कॉम के 66 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल भानुप्रतापपुर में शाम 5 बजे समाज के द्वारा भाव भीनी श्रद्धांजली दी गई। बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओ के द्वारा बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्प का निर्वाण कर मोमबत्ती प्रज्वलित किया गया। सामूहिक रूप से त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण किया गया। समाजजनों द्वारा दो मिनट का मौन धारण करके बाबा साहेब की आदरांजलि दी गई। इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष वरुण खापर्डे, सचिव बृजेश ऊके, जिला उपाध्यक्ष किरण डोंगरे, प्रकाश गोस्वामी, विनोद रंगारी, रामप्रसाद नंदेश्वर, लोकेश मेश्राम, भीम गोस्वामी, शैलजा गढ़पाले, भुनेश्वर गढ़पाले, राजेंद्र मेश्राम, पूनम डोंगरे, जानकी रामटेके, देवदत्त खोबरागड़े व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## पीजी कॉलेज की छात्र-छात्राओ शैक्षणिक भ्रमण में पहाड़ी क्षेत्रों की मिली जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा छात्र-छात्राओ को दो दिवसीय भौगोलिक भ्रमण कराया गया और पहाड़ी क्षेत्र पर भूगोंल से जुड़े तथ्यों की जानकारी दिया गया। शैक्षणिक भ्रमण में पहले दिवस छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध जल प्रपात चित्रकोट जल प्रपात का अवलोकन किया, जिसमें चट्टानों के कटाव, अपरदन जल प्रपात बनने के कारण, नदियों के उद्गम स्थल, नदियों के सहायक नदी का अवलोकन कराया गया। इसके पश्चात मेंदरी घूमर, जल प्रपात, तामड़ा घूमर जल प्रपात का अवलोकन करने के पश्चात गीदम से 20 किमी. की दूरी इन्द्रावती नदी के पास स्थित बारसूर जिसे मंदिरों एवं सरोवरो की नगरी कहते है, जिसमें मामा-भांजा मंदिर गणेश मंदिर, बत्तिसा मंदिर का अवलोकन किया गया। इसके आगे 20 किमी. की दूरी पर सातधारा जल प्रपात जो 7 धाराओं में प्रवाहित होती है, यहाँ चट्टानो का अपरदन, नदियों में प्रवाहित होने वाली धाराओं वन्य जीव जन्तु वनस्पति इत्यादि का अवलोकन कराया गया। इसी दिवस शाम के समय दन्तेवाडा पहुँचकर बस्तर की अराध्य देवी माँ दन्तेश्वरी मंदिर में दन्तेश्वरी देवी का दर्शन कराया गया।

भौगोलिक भ्रमण के दूसरे दिन दंतेवाड़ा से करीब 13 किलोमीटर की दूरी पर फरसपाल गाँव के निकट ढोलकल गणेश का मंदिर प्रसिद्ध है। इस मंदिर में पहुंचने के लिए छात्र-छात्राओं को जंगलो से होते हुए ट्रैकिंग कराया गया और 2 घण्टे ट्रैकिंग करने के पश्चात ऊँची पहाड़ी चढ़ने के बाद ढोलकल गणेश का दर्शन कराया गया। दर्शन करने के पश्चात इस पहाड़ी के जंगलो में औषधि पौधो की जानकारी दिया गया। जैव विविधता, प्राकृतिक वनस्पति, चट्टानों के कटाव, मृदा अपरदन इत्यादि का अवलोकन कराया गया, इसी दिवस दोपहर कांकेर घाटी में जैव-विवधता, जीवन जन्तुओं, प्राकृतिक वनस्पति में इमारती लकड़ी, मृदा, जल प्रवाह की की जानकारी प्रदान किया गया, अंत में छत्तीसगढ़ के सबसे ऊँची जल प्रपात तीरथगढ़ जल प्रपात का अवलोकन कराया गया जिसमें प्रवाहित होने वाली नदी, अपरदन के कारण वन्य जीव, वर्तमान में पर्यटन स्थलो पर प्रदूषण के कारण एवं समाधन पर चर्चा किया गया।

भौगोलिक भ्रमण में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डीएल पटेल, परिषद प्रभारी प्रो. एसआर दर्रो, पर्यटन प्रभारी डाँ. योगिता साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## सभी आरोपी धमतरी निवासी, सीसीटीव फुटेज से आरोपियों की हुई पहचान

# लूट के 5 आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, लुटेरों का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- आरोपियों में एक नाबालिग





धमतरी के पाँच युवक पैसा नहीं होने से चारामा क्षेत्र में सुबह वाँक पर निकले दो लोगों पर लूट की नीयत से चाकू से हमला बोला। चारामा पुलिस ने इस मामले में लिप्त लूट के 4 नकाबपोश तथा 01 विधि से संघर्षरत बालक को 24 घण्टे में गिरफ्तार किया गया। पुलिस को सीसीटीव्ही कैमरा का फूटेज में मिले इनपुट पर आरोपियों को दबोचने में सफलता मिली। एक आरोपी धमतरी में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाबू का बेटा है। आरोपियों का चारामा नगर में जुलूस भी निकाला गया।

जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर को योगेश कांगे घर से रोज की तरह सुबह 5 बजे के लगभग गांव रतेसरा एनएच 30 मार्ग पर मार्निंग वाक पर निकला था, कि उनके घर से जाने के कुछ समय बाद सवा 5 बजे योगेश कांगे घायल हालत में सड़क के किनारे पड़ा था। गांव वालों की सहायता से घायल को चारामा सरकारी अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया, उसने बताया कि कांकेर की ओर से आ रहे मोटर सायकल सवार तीन नाकाबपोश व्यक्तियों के द्वारा चाकू मारकर उसे घायल करने के बाद उसके पर्स को लूटकर ले गए हैं जिसमें 700 रूपये, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज हैं। मेरे आहत पति का ईलाज चारामा अस्पताल में चल रहा है। उसी समय मचांदूर गांव के रहने वाले धनंजय निषाद को भी ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया और उन्होने बताया कि तीन नाकाबपोश बाईक सवार द्वारा मचांदूर नाका के पास जांघ में चाकू मारकर वीवो कंपनी के मोबाईल को लूटकर ले गए।

चारामा पुलिस की कार्यशैली को लेकर लगातार प्रश्न चिन्ह उठता रहा और इस घटना के बाद जमकर किरकरी हुई। पुलिस ने सभी जगह के सीसीटीव्ही फुटेज निकाले और लूटकर ले गए मोबाईल का लोकेशन निकाला, इसी के आधार पर आरोपियों को 24 घंटे के अंदर पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। दबोचे गए आरोपियों में धमतरी जिला शिक्षा विभाग में कार्यरत बाबू का बेटा दीपांशु साहू पिता नरेन्द्र साहू उम्र 21 वर्ष निवासी गौरी नगर धमतरी, जुबैर खान पिता आदिल खान उम्र 20 वर्ष निवासी रिसाईपारा गायत्री मंदिर के पास धमतरी, अनिकेत मसीह पिता आड्डीष मसीह उम्र 19 वर्ष निवासी बालोदगहन थाना पुरूर और ईरन नंदा पिता इमानवेल नंदा उम्र 22 वर्ष निवासी बालोदगहन थाना पुरूर एवं 01 विधि से संघर्षरत बालक भी था।

संपूर्ण कार्यवाही में एएसआई प्रदीप यादव ,भाकेश पटेल ,आरक्षक रामेश्वर कोडोपी, जितेन्द्र नाग, बलराम सिन्हा, राजेश भास्कर ,भागीरथी मण्डावी, विष्णु मंडावी एवं सायबर सेल की टीम का योगदान रहा।

### कृषक उन्नति योजना से नंदकिशोर को मिली राहत

**बीजापुर।** कृषक उन्नति योजना से मिली आदान राशि कोकड़ा पारा निवासी नंदकिशोर पाण्डेय के बच्चों के पढ़ाई-लिखाई में काम आया जिससे यह राशि उनको बड़ी राहत दी। नंदकिशोर के पास साढ़े सात एकड़ कृषि भूमि है। पिछले वर्ष 54 क्विंटल धान बेचा था। कृषक उन्नति के तहत 50 हजार से अधिक की राशि मिलने से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अतिरिक्त खर्च में काम आया धान का वाजिब मूल्य मिलने पर खेती किसानी के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष 60 क्विंटल से अधिक धान बेचने जा रहा है। नंदकिशोर कहता है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का किसानों के प्रति यह बहुत बड़ा सम्मान है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज